नॉर्डिक-बाल्टिक सहयोग

स्रोत: द हिंदू

रायसीना डायलॉग- 2024 में, **8 नॉर्डिक-बाल्टिक देशों (NB8)** ने **नॉर्डिक-बाल्टिक सहयोग** के प्रतिनिधियों के रूप में एक साथ भाग लिया।

नॉर्डिक-बाल्टिक सहयोग क्या है?

- **परिचय**: नॉर्डिक-बाल्टिक सहयोग **वर्ष 1992 में स्थापित** एक अनौपचारिक क्षेत्रीय सहयोग गठन है, जो 5 नॉर्डिक **(फिनलैंड, स्वीडन, नॉर्वे, डेनमार्क और आइसलैंड)** तथा 3 बाल्टिक देशों **(एस्टोनिया, लातविया और लिथुआनिया)** को एक साथ लाता है।
- टोमस हेंड्रिक इल्वेस (पूर्व एस्टोनियाई विदेश मंत्री) की पहल पर वर्ष 2000 में इसे **नॉर्डिक-बाल्टिक 8 (NB8)** नाम दिया गया था।
- **स्वीडन** के पास वर्ष 2024 में NB8 की अध्यक्षता है।
- **मुख्य रिपोर्ट: NB8** सहयोग पर मुख्य दस्तावेज़ों में से एक **NB8 वाइज़ मेन रिपोर्ट** है, जिसे **बिरकाव्स-गेड रिपोर्ट** के रूप में भी जाना जाता है, जो आठ देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिये ठोस दिशा-निर्देश प्रदान करता है।
- **NB8 एवं भारत:** नॉर्डिक-बाल्टिक देशों तथा भारत के बीच सहयोग **नवाचार, हरित परिवर्तन, समुद्री मामले, स्वास्थ्य, बौद्धिक संपदा अधिकार, प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष एवं पर्यटन सहित विभिन्न क्षेत्रों तक विस्तृत** है।
- नवंबर 2023 में दूसरा CII (भारतीय उद्योग परिसंघ) भारत नॉर्डिक-बाल्टिक बिज़नेस कॉन्क्लेव नई दिल्ली में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य भारत एवं NB8 के बीच सहयोग को बढ़ावा देना था।
- **NB8 का आउटरीच:** वर्ष 2003 के बाद से NB8 देशों और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच राजनीतिक निदेशकों के स्तर पर नियमित बैठकें होती रही हैं, जिन्हें **ई-पाइन प्रारूप** के रूप में जाना जाता है।
- इसके अतिरिक्त वर्ष 2011 में NB8 देशों और यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्रियों की बैठकें बुलाने के लिये एक समझौता हुआ, जिसे अब **नॉर्दर्न फ्यूचर फोरम के रूप में मान्यता** प्राप्त है।
- **NB6: वर्ष 2004** में बाल्टिक देश द्वारा यूरोपीय संघ की सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत NB6 प्रारूप बनाया गया।
- **आइसलैंड और नॉर्वे** यूरोपीय संघ के सदस्य नहीं हैं।
- इसमें NB8 के यूरोपीय संघ के सदस्य देश अर्थात् **डेनमार्क, फिनलैंड, स्वीडन, लातविया, लिथुआनिया और एस्टोनिया** शामिल हैं तथा यह सामयिक यूरोपीय संघ के मुद्दों पर चर्चा करने के लिये अनौपचारिक बैठकों के लिये एक रूपरेखा प्रदान करता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/nordic-baltic-cooperation